

# पुराने तालाबों को सहेजना हमारा परम कर्तव्य : सांसद



**नवभारत न्यूज**

**सेवढ़ा 1 जुलाई।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सेवढ़ा के तत्वावधान में क्षेत्र के जलस्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए चलाए जा रहे 'जल गंगा संवर्धन अभियान 2026' का समापन एक अनूठे और गरिमामयी 'बावड़ी उत्सव' के रूप

**▸ जलस्रोतों के संरक्षण और पुनरुद्धार का लिया संकल्प**

में किया गया। इस विशेष उत्सव का आयोजन स्थानीय ऐतिहासिक बावड़ी पर किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य पारंपरिक जलस्रोतों के प्रति समाज में चेतना जगाना और उनके रख-रखाव के लिए सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करना है। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संध्या राय उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जन अभियान परिषद की शासकीय निकाय सदस्य परिणीता राजे ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया तथा जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक मुनेंद्र शेजवार मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन पचोखरा के सरपंच हरकिशन कुशवाह ने किया।

**पारंपरिक जलस्रोत हमारी जीवनरेखा :** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद संध्या राय ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और अस्तित्व को बचाने का जन-आंदोलन है। हमारी प्राचीन बावड़ियाँ और कुएं केवल पानी के स्रोत नहीं हैं, बल्कि ये हमारी धरोहर हैं। इन्हें सहेजना हम सभी का परम कर्तव्य है। उन्होंने जन अभियान परिषद के प्रयासों की सराहना करते हुए ग्रामीणों से पानी की हर बूंद बचाने का आह्वान किया। परिणीता राजे ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुसार जन अभियान परिषद पूरे प्रदेश में पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए मुस्तैदी से काम कर रही है। सेवढ़ा में आयोजित यह 'बावड़ी उत्सव' इस बात का प्रमाण है कि जब समाज अपनी धरोहरों से जुड़ता है, तो बदलाव निश्चित रूप से आता है।

इस अवसर पर जल संरक्षण की शपथ ली गई और बावड़ी की साफ-सफाई का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिनमें प्रमुख रूप से परामर्शदाता अरनेश कुशवाह, मोनिका झा, सी एम एंटर्स विवेक पाल, प्रदीप कुशवाहा, नवल कुशवाहा, मोहर सिंह परिहार, कालीचरण सिंह, कुलदीप कुशवाहा, दीपक सिंह, ग्राम पंचायत सचिव शैलेंद्र सिंह, उपसरपंच राजेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। अंत में दीपक सिंह गुर्जर ने आभार व्यक्त किया।

# भैया बहनों को मिलेगी संस्कार युक्त शिक्षा : नंदनी पुरोहित



**दतिया 1 जुलाई।** सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालय भरसूला संकुल में गढ़ी (सीतापुर) विद्यालय प्रारंभ हो गया है। कार्यक्रम का संचालन, अतिथि परिचय एवं संक्षिप्त भूमिका संकुल प्रमुख संजय सिंह रावत ने रखी। जिला प्रमुख राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि सन् 1952 में पहला सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालय गोरखपुर उत्तर प्रदेश प्रारंभ हुआ। शिक्षा रुपी एक पौधे से आज सम्पूर्ण भारत में 25 हजार विद्यालय संस्कार युक्त शिक्षा देने का कार्य अहर्निश कर रहे हैं।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में गांव के सामाजिक कार्यकर्ता एवं विद्यालय के शुभ चिंतक रनवीर सिंह रावत ने कहा कि ग्राम भारती जिला दतिया का बहुत बहुत धन्यवाद कि आपने हमारे गांव में विद्यालय प्रारंभ किया।हम सभी मिलकर पूरा तन मन धन से सहयोग करेंगे। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुश्री नंदनी पुरोहित ने सभी छात्रों को तिलक लगाकर स्वागत किया।इस अवसर पर नव प्रवेशी छात्र एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# पुरूष वर्ग में ग्वालियर ने झांसी को हराकर जीता खिताब

**नवभारत न्यूज**

**दतिया 1 जुलाई।** मां पीताम्बरा कबडडी अकादमी के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय डे-नाईट कबडडी प्रतियोगिता पुरूष एवं महिला वर्ग का आयोजन स्थानीय स्टेडियम ग्राउण्ड दतिया पर किया गया। जिसमें पुरूष वर्ग में खेले गये फायनल में संघर्ष पूर्ण मुकाबले में ग्वालियर नें झांसी को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया वहीं महिला वर्ग में फायनल मुकाबला सागर एवं राजगढ के मध्य खेला गया जिसमें सागर नें विजय श्री प्राप्त की।

प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ पूर्व ग्रहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा नें किया उन्होनें खिलाड़ियों को संबोधित करते हुये पूर्ण अनुशासन में रहते हुये उत्साह पूर्वक खेलने के लिये प्रेरित किया। साथ ही खिलाड़ी टीमों से परिचय कर विधिवत प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रघुवीर शरण कुशवाहा, जिला महामंत्री अतुल

**▸ महिला वर्ग में सागर ने राजगढ़ को हराया**

भूरे चौधरी,पुनीत टिलवानी नगर अध्यक्ष, जीतू कमरिया, नेहा रजक, लला रजक, संघर्ष यादव, आकाश भार्गव व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के दौरान टी.आई. सिविल लाइन वैभव गुप्ता एवं टी.आई. कोतवाली धीरेन्द्र मिश्रा नें भी खिलाड़ियों की हौसला अफ्जाई की। दो दिवसीय चले मुकाबले में ग्वालियर, निवाड़ी, झांसी, सागर, भिण्ड, उरई, राजगढ़ गुना, के साथ मेजबान दतिया की टीमों नें प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर पुरूष वर्ग विजेता टीम ग्वालियर के कप्तान गौतम सिकरवार को नकद 21000 एवं ट्राफी तथा उपविजेता टीम झांसी को 11000 रूपये एवं ट्राफी प्रदान की गई वहीं महिला वर्ग में विजेता सागर टीम को नकद 11000 रूपये एवं उपविजेता टीम राजगढ़ टीम को 7100 नकद एवं रनर अप ट्राफी आयोजन समिति द्वारा प्रदान की गई।

# करीब 11 माह पुराने हत्या के अंधे कत्ल का खुलासा

**नवभारत न्यूज**

**दतिया 1 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक मयूर खण्डेलवाल के नेतृत्व, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनजीत सिंह चावला के कुशल मार्गदर्शन ,थाना बड़ौनी पुलिस ने करीब 11 माह पुराने हत्या के मामले का सफल खुलासा करते हुए मृतक के पुत्र नितिन सिंह बुन्देला एवं उसके

**▸ मृतक के पुत्र एवं उसके ताऊ को पुलिस ने एक घंटे में किया गिरफ्तार**

ताऊ कल्ली उर्फ अस्पन्द्र सिंह बुन्देला को घटना का खुलासा होने के मात्र एक घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।





घटना का संक्षिप्त विवरण देते हुये टीआई दिनेश सिंह राजपूत ने बताया 28 जून को फरियादी शिवसिंह पुत्र बीरसिंह, उम्र 56 वर्ष, निवासी ग्राम छता ने अपने भाई उदयभान सिंह बुन्देला के लगभग 11 माह से लापता होने की सूचना थाना बड़ौनी में दी। सूचना पर गुम इंसान क्रमांक 17/26 दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई।जांच के दौरान फरियादी ने अपने भतीजे नितिन सिंह बुन्देला पर संदेह व्यक्त किया। पूछताछ में नितिन ने प्रारंभ में बताया कि वर्ष 2025 में ट्रैक्टर के कल्टीवेटर का फाल सिर पर गिरने से उसके पिता की मृत्यु हो गई थी तथा घबराहट में उसने शव का घर में रखे एक बक्से में छिपा दिया। लगभग 06 माह बाद उसने अपने ताऊ कल्ली उर्फ अस्पेन्द्र सिंह बुन्देला की सहायता से शव को कथरी में लपेटकर सामली नदी में फेंक दिया।

प्रकरण में मर्ग क्रमांक 18/26 धारा 194 बीएनएसएस के तहत जांच की गई। पुलिस द्वारा सामली नदी से मृतक की हडडिया, कपड़े एवं कथरी बरामद कर एफएसएल परीक्षण कराया गया। एफएसएल विशेषज्ञों की रिपोर्ट में कल्टीवेटर के फाल से मत्य होना संभव नहीं पाया गया। इसके बाद की गई सघन पूछताछ में आरोपी नितिन ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसके पिता ने ट्रैक्टर की किस्त जमा करने के लिए उसे 40,000 दिए थे। जब उसके पिता बार-बार पैसों के संबंध में पूछने लगे तो अगस्त 2025 में, जब वे घर में खाट पर सो रहे थे, उसने कुल्हाड़ी से सिर पर कई वार कर उनकी हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को वक्से में छिपा दिया और परिजनों से कहता रहा कि उसके पिता काम के लिए मुंबई गए हैं। लगभग छह माह बाद उसने अपने ताऊ कल्ली उर्फ अस्पेन्द्र को परी घटना बताई, जिसके बाद दोनों ने मिलकर शव को सामली नदी में फेंक दिया।घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह राजपूत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित एवं वैज्ञानिक तरीके से जांच कर हत्या का पर्दाफाश किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया तथा उनकी निशानदेही पर घटना से संबंधित हड्डियां, खाट, कपड़े एवं अन्य साक्ष्य जब्त किए। प्रकरण में वैधानिक कार्रवाई जारी है।

## एक नजर में

### तहसीलदारों को राजस्व दायित्वों के साथ सौंपा कार्यपालिक मजिस्ट्रेट का भार

**दतिया।** कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखड़े ने आदेश जारी कर प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से दतिया, सेवढ़ा, भाण्ड़ेर एवं इन्दरगढ़ के प्रभारी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को राजस्व न्यायालयीन दायित्वो के साथ-साथ कार्यपालिक मजिस्ट्रेट का दायित्व सौंपा है।

कलेक्टर द्वारा आदेश जारी जिन प्रभारी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट का दायित्व सौंपा है उनमें प्रभारी तहसीलदार ग्रामीण तहसील दतिया अजय झां, नायब तहसीलदार तहसील सेवढ़ा श्री राजेन्द्र जाटव, नायब तहसीलदार तहसील इन्दरगढ़ श्री दीपक यादव और प्रभारी तहसीलदार तहसील भाण्ड़ेर श्री सुनील कुमार सिंह भदौरिया के नाम शामिल है।

### 1 जुलाई 2026 तक जिले में कुल 26 .55 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

**दतिया ।** अधीक्षक भू-अभिलेख दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 1 जून से 1 जुलाई तक जिले में कुल 26.55 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिसमें दतिया में 43 मि.मी., सेवढ़ा में 32 मि.मी., भाण्ड़ेर में 12 मि.मी. और नया केन्द्र इन्दरगढ़ में 19 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष आज दिनांक तक जिले में कुल 121.75 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी जिसमें दतिया में 279 मि.मी., सेवढ़ा में 43 मि.मी, भाण्ड़ेर में 147 मि.मी. और इन्दरगढ़ नया केन्द्र में 18 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

आज 01 जुलाई को जिले में कुल 5.25 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है जिसमें दतिया में 10 मि.मी., सेवढ़ा में 9 मि.मी., इन्दरगढ़ नया केन्द्र में 2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई जबकि भाण्ड़ेर मेंवर्षा की स्थिति निल रही। गत वर्ष आज दिनांक को जिले में कुल 20.50 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिसमें दतिया में 35 मि.मी., सेवढ़ा में 9 मि.मी., भाण्ड़ेर में 36 मि.मी. और इन्दरगढ़ नया केन्द्र में 2 मि.मी औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

### वीबीजी रामजी योजना का शुभारंभ एवं उद्घाटन समारोह आज

**दतिया ।** जिला प्रशासन दतिया द्वारा वीबी जी राम जी योजना के शुभारंभ एवं उद्घाटन समारोह का आयोजन आज 2 जुलाई को प्रात: 11 बजे से न्यू कलेक्ट्रेट कार्यालय के हॉल में किया जायेगा। इस अवसर पर योजना के उद्देश्यों, ग्रामीण विकास, जनकल्याण एवं विकसित भारत के निर्माण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला जाएगा तथा योजना का औपचारिक शुभारंभ एवं उद्घाटन किया जाएगा।जिला प्रशासन दतिया द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं आमजन से कार्यक्रम में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा निरस्त कराने हेतु सांसद को सौंपा ज्ञापन

**दतिया ।** शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से देशभर के लाखों शिक्षक प्रभावित हुए हैं । इस संदर्भ में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के निर्देश पर सांसद महोदया श्रीमती संध्या राय को मध्यप्रदेश शिक्षक संघ दतिया के जिला अध्यक्ष राजेश पैंकरा द्वारा ज्ञापन सौंपा गया । इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष शैलेष खरे , जिला सचिव राजीव लोचन शर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सेन, भावेश वर्मा, राजेंद्र प्रजापति, मुकेश पटवा, ऋतुरंग मिश्रा, देवेंद्र बुलकिया, रवि पटवा आदि उपस्थित रहे ।

### मोतीनगर में हुआ पौधरोपण

**सागर.** मोतीनगर कब्रिस्तान परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. विधायक शैलेन्द्र जैन ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित रखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला भी हैं. भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है, प्रत्येक व्यक्ति को इस अभियान से जुड़ना चाहिए. आयोजन कब्रिस्तान कमेटी अध्यक्ष इरशाद पप्पू पहलवान के नेतृत्व में किया गया. कार्यक्रम में नफीस खान, अजमेरी राईन, आरिफ नगीना, सब्बीर भाई, तारिक खत्री, शाहिद भाई, जुबेर भाई, हैदर राईन, हाजी उस्मान ताज, जीशान खान, आमीन भाई, वसीम खान, अरसद अली, शालू भाई, लालू शाह, राशिद मेंहदी, अनीस खान, सलमान खान, हाफिज आबिद राईन, आसिफ मासाब, उपस्थित रहे.

# काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज**

**दतिया 1 जुलाई।** प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों, ग्रंथपालों एवं क्रीड़ा अधिकारियों की न्यायसंगत मांगे वर्षों से लंबित है। संघ द्वारा बार बार ज्ञापन सौंपने एवं चर्चा के बाद भी उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इनका निराकरण नहीं किया जा रहा है।



शिक्षकों की प्रमुख मांगें हैं वर्ष 2004 एवं 2005 में नियुक्त बैकलॉग सहायक प्राध्यापकों की परिवीक्षा अवधि नियुक्ति दिनांक से 2 वर्ष में समाप्त कर उन्हें नियमानुसार कैरियर एडवांसमेंट का लाभ दिया जाये तथा जिन सहायक प्राध्यापकों ने अभी निर्धारित योग्यता अर्जित नहीं की है, उन्हें वर्ष 2028 तक योग्यता अर्जित करने का अवसर प्रदान किया जाये।क्रीड़ा अधिकारीयों एवं ग्रंथपालों को सहायक प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक एवं प्राध्यापक पदनाम दिया जाये तथा उनकी सेवानिवृति की आयु में वृद्धि कर 65 वर्ष की जाये। साथ ही यूजीसी के प्रावधानानुसार पे-मैट्रिक्स 14 का लाभ दिया जाये। वर्ष 2009, 2011 व 2019 में नियमितीकरण से वंचित सहायक प्राध्यापकों की परीवीक्षा अवधि समाप्त की जाये एवं उन्हें कैरियर एडवांसमेंट का लाभ शीघ्र प्रदान किया जाये। छानबीन समिति की बैठक प्रति सप्ताह एवं विषयवार आयोजित की जाये।सहायक प्राध्यापकों एवं सह-प्राध्यापकों को पात्रता अनुसार सह-प्राध्यापक एवं प्राध्यापक पदनाम दिया जाये। सेवानिवृत्त शिक्षकों के पेंशन, वेतन निर्धारण, अर्जित अवकाश एवं समूह बीमा भुगतान को प्राथमिकता दी जाये।सामान्य प्रशासन विभाग के नियमानुसार परामर्शदात्री समिति की बैठक शीघ्र आयोजित की जाये। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विगत 10 वर्षों से परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित नहीं की गई है।

कृपया माननीय मुख्यमंत्री जी उच्च शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर मांगों के निराकरण में सहयोग का निवेदन है उक्त मांगों को लेकर शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक सघ की महाविद्यालय प्राध्यापकसघ द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से काली पट्टी बांध कर प्रदेश अध्यक्ष डॉ आनंद शर्मा के मार्गदर्शन शांतिपूर्ण ढग से अपनी मांगों के लिए आंदोलन प्रारंभ किया जिसमें जिले के जिला अध्यक्ष डॉ शिव सिंह, सचिन डॉक्टर अरविंद यादव एवं कोषाध्यक्ष डॉ. रश्मि, नरेंद्र यादव डॉ. सीमा सिंह, डॉ एस. आर. लाहोरिया, प्रो. एसके पांडेय, प्रो. दुष्यन्त यादव डॉ. कोक सिंह दादोरिया, प्रो. ममता शर्मा एवं प्रोफेसर राजेश माहौर आज सभी प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

# खाली प्लाटों में भरा पानी, पनप रहे मच्छर, बीमारी फैलने की आशंका



**नवभारत न्यूज**

**दतिया 1 जुलाई।** शहर के आसपास बनी कई अवैध कॉलोनियों में बारिश का पानी भरा हुआ है। यहां पर काफी दिनों से भरा पानी बदबू मारने लगा है। वहीं नगर का ड्रेनेज सिस्टम खराब होने के कारण पानी निकासी का अभाव बना हुआ है। इससे नगर वासी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं, जबकि स्वास्थ्य विभाग भी समय-समय पर डेंगू, जैसी अन्य घातक बीमारियों की रोकथाम के लिए पत्र के माध्यम से साफ-सफाई रखने के लिए सूचित करता है।

नगर का ड्रेनेज सिस्टम के खराब होने के कारण रहवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नाले व नालियों का निकास सही नहीं होने के कारण जगह-जगह पानी रुकने के साथ सड़कों पर गंदा पानी फैलता रहता है। जबकि उन अवैध कॉलोनियों की हालत सबसे खराब है जहां पर खाली पड़े प्लाटों में पानी जमा हुआ है। इसमें इस समय जलकुंभी व मच्छरों की पैदावार अधिक बढ़ी हुई है। इस कारण वहां के लोगों को परेशानी के साथ-साथ बीमारी का भय बना हुआ है। यहां पर पानी निकासी के लिए किसी प्रकार का ड्रेनेज सिस्टम नहीं बना हुआ है। प्लाट काटकर उसे कॉलोनी व सुविधा का लालच देकर लोगों को कॉलोनाइजरों ने मुसीबत में डाल दिया है। शहर के आसपास वैसे तो 1 दर्जन से अधिक कॉलोनी हैं। नगर की कॉलोनियों में गंदा पानी भरा होने से बीमारी फैलने का डर बना हुआ है।

**कॉलोनियों में भरा है पानी:** कॉलोनी के काटते समय ध्यान नहीं देने का खामियाजा अवैध बसी कॉलोनियों के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के अभाव में उठाना पड़ रहा है। इन कॉलोनी में कीचड़, बिजली व पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। नगर की दलीपुरा रोड स्थित श्रीराम कॉलोनी, विधायक कॉलोनी, टी.वी. टावर स्थित कॉलोनी सहित अन्य नई कॉलोनी में पानी भरा होने से लोगों को परेशानी उठाना पड़ रही है।

**संक्रमण फैलने का खतरा:** - स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट कहा है कि डेंगू के मच्छर विशेष कर कई दिनों से रुके हुए पानी में पैदा होते हैं, जो स्थान से 400 मीटर के अंदर बीमारी का फैलाव कर सकते हैं। ऐसे पानी में डेंगू के मच्छरों के लार्वा बहुत ज्यादा मात्रा में पाए जाते हैं।



# गड्ढों में तब्दील बाजार की मुख्य सड़क, नगर परिषद बेपरवाह

**नवभारत न्यूज**

**दतिया 1 जुलाई।** नगर में सड़कों की जर्जर हालत अब आमजन के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। शहर की प्रमुख सड़कों पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढे विकास के दावों की पोल खोलते नजर आ रहे हैं। विशेष रूप से पटेल चौराहा से खटिकयाना की पुलिया तक सड़क की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है, जहां आए दिन हादसे हो रहे हैं और लोग घायल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि खाई के बाजार से लेकर पटेल चौराहा तक की सड़क पिछले कई वर्षों से बदहाल स्थिति में है। सड़क पर बने गड्ढे इतने गहरे हो चुके हैं कि वाहन चालकों को हर कदम पर सावधानी बरतनी पड़ती है। दोपहिया वाहन चालकों, ऑटो और ई-रिक्शा चालकों के लिए यह मार्ग किसी खतरे से कम नहीं है। कई बार वाहन असंतुलित होकर पलट जाते हैं, जिससे लोग घायल हो जाते हैं। बारिश के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

राहगीरों और वाहन चालकों को मजबूरी में जोखिम उठाकर सफर करना पड़ रहा है शहरवासियों का आरोप है कि नगर परिषद द्वारा हर वर्ष सड़क निर्माण और मरम्मत के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। मरम्मत कार्य न के बराबर हो रहे हैं और कई सड़कों की हालत वर्षों से जस की तस बनी हुई है। जगह-जगह बिखरी गिट्टियां और उखड़ी सड़कें प्रशासन की लापरवाही को उजागर कर रही हैं। स्थानीय नागरिकों ने कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या के प्रति उदासीन बने हुए हैं, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शहर की सड़कों पर बने ये गड्ढे अब स्पीड ब्रेकर की तरह काम

## बायोमेडिकल कचरे के निस्तारण को लेकर सवाल

**ललितपुर।** निजी पैथोलॉजी प्रयोगशालाओं से निकलने वाले बायोमेडिकल कचरे के सुरक्षित निस्तारण को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए. सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में ग्राम बांसी से बार रोड के पास बड़ी मात्रा में इस्तेमाल किए गए सिरिंज, ब्लड वायल, सैंपल कलेक्शन ट्यूब और अन्य मेडिकल कचरा पड़े होने का दावा किया गया है. वीडियो सामने आने के बाद बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण की पूरी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं. जानकारी के अनुसार जिले की विभिन्न पैथोलॉजी लैबों से निकलने वाले बायोमेडिकल कचरे को एक अधिकृत एजेंसी द्वारा एकत्रित किया जाता है. सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में बार रोड के पास बड़ी मात्रा में मेडिकल कचरा पड़ा दिखाई देने का दावा किया गया है. वीडियो में एक व्यक्ति इन इस्तेमाल की गई मेडिकल सामग्रियों की कथित बिक्री की बात करता भी सुनाई दे रहा है. हालांकि, इस वायरल वीडियो की सत्यता की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है. बताया जा रहा है कि जब मीडिया टीम ने मौके का निरीक्षण किया तो वहां पहले मौजूद बताए जा रहे सिरिंज, ब्लड वायल और अन्य बायोमेडिकल कचरा नहीं मिला. ऐसे में मामला और भी संदिग्ध हो गया है तथा कई अहम सवाल खड़े हो गए हैं. सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या जिले में बायोमेडिकल कचरे का निस्तारण बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियमों के अनुरूप किया जा रहा है या नहीं ?

# किराए के भवनों में संचालित हो रहीं आंगनवाड़ियां : सांसद

**नवभारत न्यूज**

**दतिया 1 जुलाई।** सांसद श्रीमती संध्या राय की अध्यक्षता में जिला विकास एवं समन्वय समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। सांसद श्रीमती राय ने कई विभागों द्वारा समय पर पिछली दिशा बैठक का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभागों को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्यवाही करने की बात कही। बैठक के दौरान जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री एवं एसडीओ की अनुपस्थिति पर





सांसद ने नाराजगी व्यक्त करते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान सांसद श्रीमती राय ने कहा कि जिले की कई आंगनवाड़ियों ने किराए के भवनों में संचालित हो रही हैं, जहां व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं हैं। कलेक्टर श्री वानखड़े ने बताया कि लगातार बैठकों एवं निरीक्षणों के माध्यम से योजनाओं की नियमित समीक्षा कर प्राथमिकता के साथ कार्य किए जा रहे हैं तथा बंद पड़ी योजनाओं को पुन: प्रारंभ कराया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों द्वारा कुछ मदरसों की शिकायतें रखे जाने पर सांसद श्रीमती राय ने जांच एवं निरीक्षण कराने के निर्देश दिए।बैठक में सांसद श्रीमती राय ने भांडेर स्थित बालक-बालिका छात्रावास की व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने उनाव मंदिर परिसर का निरीक्षण कर निर्माणाधीन रेस्ट हाउस को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा गुणवत्ता विहीन कार्यों पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर को निरीक्षण कर सुधार कराने के निर्देश दिए।